CMYK

Website : www.highwaychannel.in

छत्तीसगढ़ का सर्वाधिक प्रसारित शाम का अखबार

# हाईवे चैनल

◘ वर्ष- 27 ◘ अंक- 290 ◘ रायपुर, गुरुवार 14 नवम्बर 2024 ◘ पृष्ठ-8 ◘ मूल्य- 2.50 रुपया • रायपुर • बिलासपुर • जगदलपुर से प्रकाशित RNI रजिस्ट्रेशन नं. 68139/98

## मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने किया धान खरीदी का शुभारंभ

**रायपुर,** 14 नवंबर (हाईवे चैनल)। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने बालोद जिले के नवीन धान उपार्जन केन्द्र भाठागांव बी से राज्य में समर्थन मूल्य पर धान खरीदी महापर्व का शुभारंभ किया। इस खरीफ सीजन के लिए प्रदेश में पंजीकृत कुषकों की संख्या 27 लाख 1 हजार 109 है। इस वर्ष 1 लाख 35 हजार 891 नये किसान पंजीकृत हुए हैं और 1 लाख 36 हजार 263 हेक्टेयर नवीन रकबों का पंजीयन किया गया है।

सभी उपार्जन केन्द्रों में बायोमैट्रिक डिवाईस के माध्यम से उपार्जन की व्यवस्था की गई है। छोटे, सीमांत और बड़े कृषकों के द्वारा उपजाये गए धान को निर्धारित समर्थन मूल्य में खरीदा जाएगा। इसके लिए 7 नवंबर से ही टोकन आवेदन की व्यवस्था आरंभ कर दी गई है। खरीदी सीजन में लघु एवं सीमांत कृषकों को अधिकतम 2 टोकन एवं बड़े कृषकों को 3 टोकन की पात्रता होगी।खरीदी केंद्रों में तौल हेतु इलेक्ट्रानिक कांटा-बांट की व्यवस्था की गई है। खरीदी केंद्रों से धान का उठाव मिलर एवं परिवहनकर्ता के माध्यम से समयानुसार कराने के निर्देश दिये गये है। सभी खरीदी केन्द्रों में पर्याप्त बारदाने की व्यवस्था से लेकर छांव, पानी आदि की व्यवस्था सुनिश्चित की गई है। धान उपार्जन केन्द्रों में शिकायत एवं निवारण के लिये हेल्प लाइन नंबर भी चस्पा कर दिये गये हैं। विपणन संघ मुख्यालय स्तर पर शिकायत निवारण हेतु कंट्रोल रूम



की स्थापना भी की गई है जिसका नं. 0771-2425463 है। धान बेचने वाले किसानों को समय पर भुगतान हेतु मार्कफेड द्वारा राशि की व्यवस्था कर ली गई है। समितियों में राशि आहरण हेतु ''माइक्रो एटीएम'' की व्यवस्था भी दी जा रही है, जिससे कि किसानों को सुविधा हो। किसानों द्वारा समिति में धान विक्रय के 72 घंटे के भीतर राशि किसानों के बैंक खाते में अंतरित कर दी जायेगी। खाद्य मंत्री बघेल के निर्देश पर धान रिसाइकलिंग बोगस खरीदी पर नियंत्रित करने के लिए अपर मुख्य सचिव की अध्यक्षता में राज्य स्तरीय टीम द्वारा राज्य के अलग अलग संभागों में विशेष कार्ययोजना बनाई गई है। राज्य के सीमावर्ती क्षेत्र में विशेष निगरानी की व्यवस्था की गई है एवं चेक पोस्ट की स्थापना की गई है। मंडी विभाग द्वारा मंडी अधिनियम के तहत जिलों में अधिकृत व्यापारियों की सूची जिला प्रशासन के साथ साझा किया गया है। एनआईसी द्वारा तैयार मोबाइल एप्प के माध्यम से गिरदावरी के खसरों का पुन: सत्यापन लगातार जारी है। मार्कफेड द्वारा राज्य स्तर पर एकीकृत कंट्रोल कमांड सेंटर स्थापित कर राईस मिल एवं उपार्जन केन्द्रों पर रियल टाइम निगरानी रखी जाएगी।

## ट्रक से भिड़ी एम्बुलेंस, 2 मेडिकल स्टाफ की मौके पर हुई मौत, 6 की हालत गंभीर



### भीषण सड़क हादसा

**जगदलपुर,** 14 नवंबर (हाईवे चैनल)। छत्तीसगढ़ के जगदलपुर में आज सुबह एक बड़ा सड़क हादसा हो गया. जिले के किलेपाल क्षेत्र में करीब 5 बजे एक एम्बुलेंस ट्रक से टकरा गई. इस हादसे में दो मेडिकल स्टाफ की मौके पर ही मौत हो गई वहीं 6 लोग घायल हो गए हैं. सूचना पर पहुंची पुलिस ने मर्ग कायम कर मृतकों के शव को पीएम के लिए भेज दिया है. वही घायलों को तत्काल प्राथमिक उपचार के बाद मेडिकल कॉलेज डिमरापाल भेज दिया गया. जानकारी के अनुसार, एम्बुलेंस किरंदुल स्थित एनएमडीसी अस्पताल से रायपुर मेडिकल कॉलेज एक मरीज को लेकर जा रही थी. एम्बुलेंस में मरीज के अलावा कुल 8 लोग सवार थे. इसी दौरान कोडेनार थाना क्षेत्र के अंतर्गत यह हादसा हो गया, जिसमें दो लोगों की मौके पर ही मौत हो गई और 6 लोग गंभीर रूप से घायल हो गए हैं. फिलहाल दुर्घटना के कारणों का पता नहीं चल सका है, लेकिन पुलिस इस मामले में गहराई से जांच कर रहे हैं।

## ब्रेकिंग न्यूज

### आज बाल दिवस



**नई दिल्ली,** 14 नवम्बर (न्यूज चैनल)। आज देशभर में चाचा नेहरू को याद करते हुए बाल दिवस मनाया जा रहा है। खासकर स्कूलों में अनेक आयोजन कर प्रथम प्रधानमंत्री पं. जवाहरलाल नेहरू के बारे में बच्चों को जानकारियां दी जा रही है तथा उन्हें श्रद्धासुमन अर्पित कर रहे हैं।

### अभिनेत्री अक्षरा सिंह को जान से मारने की धमकी, 50 लाख रुपये रंगदारी मांगी



**नई दिल्ली,** 14 नवम्बर (न्यूज चैनल)।भोजपुरी अभिनेत्री अक्षरा सिंह को जान से मारने की धमकी मिली और फोन करने वाले व्यक्ति ने उनसे कथित तौर पर 50 लाख रुपये की रंगदारी मांगी। पुलिस के एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। अभिनेत्री ने धमकी मिलने के बाद दानापुर थाने में लिखित शिकायत दर्ज कराई।दानापुर-एक के अनुमंडल पुलिस अधिकारी (एसडीपीओ) भानु प्रताप सिंह ने पत्रकारों को बताया, अक्षरा सिंह की ओर से लिखित शिकायत मिली है, जिसमें उन्होंने 11 नवंबर को दो अलग-अलग अज्ञात नंबरों से धमकी भरे फोन आने की जानकारी दी। फोन करने वाले व्यक्ति ने उनसे 50 लाख रुपये की रंगदारी भी मांगी। उन्होंने बताया कि मामले की जांच की जारी है। भोजपुरी अभिनेत्री के पिता बिपिन सिंह ने फोन पर 'पीटीआई-भाषा' को बताया, उन्हें (अक्षरा) 11 नवंबर को दो अज्ञात नंबरों से फोन आया था और फोन करने वाले व्यक्ति ने उन्हें धमकाया, गाली दी और उनसे 50 लाख रुपये की रंगदारी मांगी। व्यक्ति ने अक्षरा को दो दिनों के भीतर रुपये न देने पर जान से मारने की धमकी दी। हमने तुरंत स्थानीय थाना में शिकायत दर्ज कराई।

### इरफान सोलंकी को मिली जमानत

**नई दिल्ली,** 14 नवम्बर (न्यूज चैनल)। सोलंकी की याचिका पर यह आदेश न्यायमूर्ति राजीव गुप्ता और न्यायमूर्ति सुरेंद्र सिंह की पीठ द्वारा पारित किया गया। अदालत ने इस मामले में सजा बढ़ाने की राज्य सरकार की भी अपील खारिज कर दी। जाजमऊ इलाके में डिफेंस कॉलोनी निवासी फातिमा के मकान में आगजनी करने के आरोप में इरफान सोलंकी पर मुकदमा दर्ज किया गया था। समाजवादी पार्टी के पूर्व विधायक इरफान सोलंकी की जमानत की खबर सुनते ही सीसामऊ से सपा उम्मीदवार और इरफान की पत्नी नसीम सोलंकी ने खुशी जाहिर करते कहा है कि चुनाव से पहले हमारे लिए यह एक अच्छा संदेश है।




चूहा- सुनती हो, सुप्रीम कोर्ट ने बुलडोजर चलाने के लिए गाइडलाइन जारी किया है।

चुहिया- हां जी, लेकिन जिनका घर उजड़ गया उनका क्या होगा?

## बीएसपी में गैस रिसाव से घायल 4 मजदूर आईसीयू में भर्ती, एक की हालत गंभीर



**दुर्ग,** 14 नवम्बर (हाईवे चैनल)। दुर्ग जिले के भिलाई इस्पात संयंत्र में बड़ा हादसा हुआ है। गैस लीक होने के कारण चार मजदूर गंभीर बताई जा रहे हैं। मिली जानकारी के अनुसार एम के अंसारी ठेका कंपनी के अधीन कार्य करने वाले तीन मजदूर बेहोश होकर गिर पड़े। घायलों में मोह6मद मेराज खान ३६ वर्ष पिता इसरार खान निवासी स्टेशन मरोदा रिसाली, मोहनलाल गुप्ता ५५ वर्ष पिता चुन्नीलाल गुप्ता निवासी खुर्सीपार भिलाई, हरिचरण ४७ वर्ष पिता शिवाजी निवासी आजाद मोहल्ला कैंप १ भिलाई और प्रगति इंजीनियरिंग के जावेद अंसारी शामिल है।

बताया जाता है, कि फरनेस नंबर ६ में कार्य कर रहे थे। धमन भट्टी ६ में गैस रिसाव से मजदूर अचेत हो गए। ठेकेदार के द्वारा बिना सुरक्षा के कार्य करवाया जा रहा था। चारों को से1टर ९ अस्पताल के आ ई सी यू में भर्ती कराया गया है। जहां एक मज़दूर जावेद अंसारी की हालत गंभीर है। जानकारों के अनुसार गैस का पी पी एम मिनिमम ५० से कम होनी चाहिए यहाँ जबकि १५० पी पी एम से ज़्यादा था। कार्बन मोनो ऑक्साइड बहुत ही ख़तरनाक है यहाँ कर्मचारी के ५ मिनट से ज़्यादा रहने से मौत हो सकती है।

## इंडिगो की फ्लाइट में बम की सूचना पर की गई इमरजेंसी लैंडिंग, जांच में जुटे सुरक्षा कर्मी



**रायपुर,** 14 नवंबर (हाईवे चैनल)। रायपुर एयरपोर्ट से एक बड़ी खबर सामने आई है. नागपुर से कलकत्ता जा रही इंडिगो फ्लाइट संख्या 6ई812 में बम की सूचना मिली है, जिसके बाद तत्काल विमान को रायपुर एयरपोर्ट पर इमरजेंसी लैंडिंग कराई गई है. सभी यात्रियों को विमान से उतारा गया है. वहीं आईएसएफ और रायपुर पुलिस की टीम एयरक्राफ्ट की जांच फ्लाइट की जांच में जुटे हुए हैं.

जानकारी के अनुसार, विमान में 187 यात्री और 6 क्रू स्टाफ मौजूद थे. इन सभी की सुरक्षा के मद्देनजर विमान को रायपुर एयरपोर्ट पर इमरजेंसी लैंडिंग कराई गई है. सभी यात्री स्वामी विवेकानंद एयरपोर्ट पर जांच पूरी होने और सुरक्षित अपने निर्धारित स्थान पर जाने का इंतेजार कर रहे हैं. अधिकारियों का कहना है कि बम की सूचना के बाद सुरक्षा प्रोटोकॉल के तहत तत्काल कार्रवाई की गई और फ्लाइट की पूरी जांच की जा रही है. इस घटना के कारण एयरपोर्ट पर सुरक्षा व्यवस्था कड़ी कर दी गई है।

## बड़े भाई ने छोटे भाई को उतारा मौत के घाट

**दुर्ग,** 14 नवम्बर (हाईवे चैनल)। बड़े भाई ने छोटे भाई की गला घोंटकर हत्या कर दी। आरोपी बड़े भाई ने बताया कि वो आदतन शराबी था। नशे में मां-बाप से विवाद करता था। भाभी पर गंदी नजर रखता था। वो किसी को मारता, इससे पहले उसे ही मार दिया। घटना मोहन नगर थाना क्षेत्र के कैलाश नगर की है।



मिली जानकारी के अनुसार १२नवंबर को पुलिस को सूचना मिली थी कि एक युवक को ब्रेन डेड लाया गया है, जिसकी पहचान गजेंद्र यादव पिता संतोष यादव (२४ वर्ष) निवासी कैलाश नगर के रूप में हुई है। पुलिस ने कड़ाई से पूछताछ की, तो बड़े भाई शैलेंद्र यादव से बताया कि गजेंद्र हमेशा गाली-गलौज कर लड़ाई-झगड़ा करता था। सोमवार को घर में शराब के नशे में गजेंद्र ने शैलेंद्र और उसकी पत्नी से विवाद किया। जान से मारने की धमकी देने लगा। विरोध करने पर मारने के लिए फावड़ा उठा लिया। वो अपनी भाभी को भी गलत नीयत से देखता था। इस बात से नाराज शैलेंद्र ने उसकी हत्या करने की ठानी। जब गजेंद्र घर में सो रहा था, उसी दौरान कमरे में गया और गला दबाकर उसकी हत्या कर दी। जिसके बाद मंगलवार की सुबह उसे अस्पताल ले गए। परिवार ने पहले अधिक शराब पीने से मौत होने की बात कही थी।

जांच अधिकारी एएसआई देशमुख ने पंचनामा कार्रवाई के दौरान पाया कि, मृतक के गले में लिगेचर मार्क हैं। उन्होंने थाना प्रभारी को बताया कि, मामला मर्डर का है। एफएसएल प्रभारी डॉ. मोहन पटेल ने शव की बारीकी की जांच की, तो युवक की गला दबाकर हत्या करने की पुष्टि हुई। जिसके बाद थाना प्रभारी मोनिका पांडे ने तत्काल हत्या का केस दर्ज कर मामले की जांच करने निर्देश दिए। जिसके बाद पुलिस ने परिवार से सख्ती से पूछताछ की, तो भाई ने जुर्म कबूल कर लिया। पुलिस ने आरोपी भाई शैलेंद्र यादव को गिरफ्तार कर लिया है।

## गर्भवती महिला को ले जा रही एंबुलेंस में लगी आग, धमाका इतना जोरदार के उड़ गई गाड़ी

**नई दिल्ली,** 14 नवम्बर (न्यूज चैनल)। महाराष्ट्र के जलगांव जिले में बुधवार रात एक भीषण हादसा होते-होते रह गया। राष्ट्रीय राजमार्ग पर एक एंबुलेंस में अचानक आग लग गई, जिससे उसमें रखा ऑक्सीजन सिलेंडर धमाके के साथ फट गया और एंबुलेंस के परखच्चे उड़ गए। इस धमाके का प्रभाव इतना जोरदार था कि आसपास के घरों की खिड़कियां तक टूट गईं। हालांकि, ड्राइवर की सूझबूझ और तत्परता के कारण गर्भवती महिला और उसके परिवार के लोग बाल-बाल बच गए।

जानकारी के अनुसार, यह घटना जलगांव के दादा वाड़ी इलाके में राष्ट्रीय राजमार्ग पर स्थित एक फ्लाईओवर पर हुई। एंबुलेंस गर्भवती महिला को लेकर एंरडोल सरकारी अस्पताल जा रही थी। जैसे ही एंबुलेंस फ्लाईओवर के पास पहुंची, अचानक उसके इंजन से धुआं निकलने लगा। ड्राइवर ने तुरंत यह महसूस किया कि कुछ गड़बड़ है, और उसने एंबुलेंस को रोक दिया। इसके बाद, ड्राइवर ने पूरी सतर्कता के साथ गर्भवती महिला और उसके परिवार के सदस्यों को बाहर निकाल लिया। इस प्रयास से उनकी जान बच गई।

कुछ ही देर बाद, एंबुलेंस में आग लग गई। एक तेज धमाके के साथ एंबुलेंस के भीतर रखा ऑक्सीजन सिलेंडर फट गया। धमाका इतना शक्तिशाली था कि उसकी आवाज़ आसपास के इलाकों में सुनाई दी और आसपास के घरों की खिड़कियां टूट गईं। हादसे के तुरंत बाद मौके पर भारी संख्या में लोग जमा हो गए, लेकिन यह देखकर सबकी सांसे रुक सी गईं कि आग के बावजूद किसी भी व्यक्ति को गंभीर चोटें नहीं आईं। एंबुलेंस के ड्राइवर ने बताया कि उसने जब इंजन से धुआं निकलते देखा, तो उसने बिना किसी देरी के एंबुलेंस को रोका और सभी को बाहर निकाल लिया। ड्राइवर की तत्परता और सावधानी ने एक बड़े हादसे को टाल दिया। यदि ड्राइवर सही समय पर एंबुलेंस को नहीं रोकता और महिला और उसके परिजनों को बाहर नहीं निकालता, तो यह हादसा और भी भयावह हो सकता था।

## कॉमनवेल्थ ऑफ डोमिनिका पीएम मोदी को देगा अपना सर्वोच्च राष्ट्रीय पुरस्कार

**नई दिल्ली,** 14 नवम्बर (न्यूज चैनल)।प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को डोमिनिका राष्ट्रमंडल के सर्वोच्च नागरिक पुरस्कार, डोमिनिका अवार्ड ऑफ ऑनर से सम्मानित किया जाएगा। यह पुरस्कार कोविड-19 महामारी के दौरान डोमिनिका में पीएम मोदी के योगदान को मान्यता देगा। डोमिनिका प्रधान मंत्री कार्यालय द्वारा जारी एक बयान में कहा गया कि कोविड-19 महामारी के दौरान डोमिनिका में उनके योगदान और दोनों के बीच साझेदारी को मजबूत करने के समर्पण को मान्यता देने के लिए डोमिनिका का राष्ट्रमंडल भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को अपना सर्वोच्च राष्ट्रीय पुरस्कार, डोमिनिका अवार्ड ऑफ ऑनर प्रदान करेगा।



आपको बता दें कि फरवरी 2021 में भारत ने डोमिनिका को एस्ट्राजेनेका कोविड-19 वैक्सीन की 70,000 खुराक की आपूर्ति की। 19 से 21 नवंबर, 2024 तक जॉर्जटाउन, गुयाना में होने वाले भारत-कैरिकॉम शिखर सम्मेलन में डोमिनिका के राष्ट्रपति सिल्वेनी बर्टन द्वारा पीएम मोदी को यह पुरस्कार प्रदान किया जाएगा। बयान में कहा गया है कि डोमिनिका के प्रधान मंत्री रूजवेल्ट स्केरिट ने कहा कि यह पुरस्कार डोमिनिका और व्यापक क्षेत्र के साथ प्रधान मंत्री मोदी की एकजुटता के लिए डोमिनिका की कृतज्ञता की अभिव्यक्ति है। पीएम मोदी को यह पुरस्कार डोमिनिका की राष्ट्रपति सिल्वेनी बर्टन 19 से 21 नवंबर तक गुयाना के जॉर्जटाउन में होने वाले भारत-कैरिकॉम शिखर सम्मेलन के दौरान देंगी।

## रायपुर दक्षिण में करीब सवा लाख मतदाताओं ने नहीं किया मतदान, भाजपा या कांग्रेस किसे होगा नुकसान

**रायपुर,** 14 नवंबर (हाईवे चैनल)। रायपुर दक्षिण विधानसभा सीट का चुनाव आखिरकार संपन्न हो गया. बिना किसी ठोस मुद्दे के लड़े गए इस चुनाव में क्षेत्र के 2 लाख 73 हजार मतदाताओं में से 51 फीसदी मतदान के हिसाब से 1 लाख 25 हजार से ज्यादा लोग मतदान करने ही नहीं गए. मतदाताओं की इस बेरुखी का परिणाम क्या होगा, अब इस बात का आंकलन करने में विश्लेषक जुटे हैं. यह भी पढ़ें = भीषण सड़क हादसा= ट्रक से भिड़ी एम्बुलेंस, 2 मेडिकल स्टाफ की मौके पर हुई मौत, 6 की हालत गंभीर

2023 विधानसभा चुनाव के मुकाबले इस बार करीब 10 प्रतिशत कम मतदान हुआ है. 2023 के विधानसभा चुनाव में रायपुर दक्षिण में 60.20 प्रतिशत मतदान हुआ था. वहीं 2018 के विधानसभा चुनाव में 61.70 प्रतिशत मतदान हुआ था. इन चुनावों में महिला मतदाताओं ने पुरुषों की तुलना में ज्यादा उत्साह दिखाया था.

उप चुनाव के दौरान विधानसभा क्षेत्र में महिला मतदाताओं की संख्या पुरुषों से 25 हजार ज्यादा होने की वजह से अनुमान जताया जा रहा है कि इस बार भी महिलाएं बड़ी तादात में अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगी. लेकिन महिलाओं की सशक्त भागीदारी देखने को नहीं मिली, वहीं पुरुषों या फर्स्ट टाइम वोटर ने भी वोट देने में इसलिए रुचि नहीं दिखाई.

जानकार मानते हैं कि मतदाताओं के बूथ तक नहीं पहुंचने के पीछे एक बड़ी वजह इस चुनाव का विधानसभा की तस्वीर में नहीं पड़ने वाला असर है. इस चुनाव की वजह से न तो भाजपा सत्ता से जा रही है, और न ही कांग्रेस फिर से सत्ता में वापसी कर रही है. इसके अलावा जानकार मानते हैं कि प्रत्याशी भी मतदाताओं के बीच उत्साह पैदा करने में नाकामयाब रहे. वहीं पार्टियां भी ऐसा कोई मुद्दा नहीं उठा पाईं, जिससे मतदाता मतदाता मतदान केंद्रों में जाने के लिए उतावले हों. जानकार मानते हैं कि भले ही इस परिणाम की विधानसभा की तस्वीर बदलने में कोई अहम भूमिका न हो, मुद्दा विहिन प्रत्याशी और पार्टियों के बीच मतगणना जरूर रुचि पैदा करेंगे. कम वोटिंग की वजह से मतों का अंतर भी कम रहेगा, और यदि यह आंकड़ा हजार से घटकर सैकड़ा तक पहुंच गया तो फिर नया तूफान खड़ा हो जाएगा. खैर, परिणाम जो भी भाजपा और कांग्रेस के लिए एक-दूसरे पर हमला करने के लिए नया मुद्दा जरूर मिल जाएगा.

CMYK